

कोहली के नाम नहीं है टेस्ट में कोई विकेट

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट में अभी तक कोई विकेट नहीं लिया है जबकि वनडे इंटरनैशनल और टी20 में एक समान 4 विकेट उनके नाम दर्ज है।

## बाबर ने इंटरनैशनल क्रिकेट में झटका पहला विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को इंटरनैशनल क्रिकेट में चौकों और छक्कों की बरसात करते हुए तो आपने खूब देखे होंगे, लेकिन क्या कभी उन्हें गेंदबाजी में हाथ आजमाते हुए देखा है। बाबर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी करने उतरे। ढाका टेस्ट के चौथे दिन बाबर ने मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में तीसरे और आखिरी सेशन में खुद गेंद थामा और एक ओवर की गेंदबाजी की। उन्होंने अपने इस एक ओवर में एक रन दिए। हालांकि उनकी गेंदों को जबर्दस्त टर्न मिल रही थी और उन्होंने बल्लेबाज को कई बार बीट भी किया। लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

दाएं हाथ से ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले बाबर ने टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन मेजबान टीम की दूसरी पारी में दो ओवर डाला। इस दौरान बाबर ने फिर एक ही रन दिए लेकिन खास बात ये रही कि उन्हें सफलता भी मिली। बाबर ने मेहदी हसन को एलबीडब्ल्यू आउट कर पाकिस्तान को 7वीं सफलता दिलाई। पाक कप्तान ने गेंदबाजी के दौरान 7 नजदीकी फील्डर्स लगाए थे।

# ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे अश्विन

क्रिकेट

## ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को चौथे स्थान पर खिसक गए हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत के रविचंद्रन अश्विन आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने भी लंबी छलांग लगाई है। अग्रवाल मुंबई में दूसरे टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैचश रहे थे। इस मैच में उन्होंने 150 और 62 रन की पारियां खेली थीं जिससे वह पुरुषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में 30 पायदान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए।

वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 10वें पायदान से महज एक स्थान नीचे हैं जो उन्होंने नवंबर 2019 में हासिल की थी। मुंबई में जन्में पटेल एक टेस्ट पारी में सभी 10 विकेट चटकाने वाले तीसरे क्रिकेटर बने थे तथा उन्होंने जिम लेकर और अनिल कुंबले की बराबरी की थी। उन्होंने मैच में 14 विकेट



चटकाए थे जिससे वह 23 पायदान के फायदे से 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 53 थी और श्रृंखला की शुरुआत में वह 62वें स्थान पर थे। मुंबई टेस्ट आईसीसी विश्व चौंपियनशिप का हिस्सा था और इसके बाद रैंकिंग में लाभ हासिल करने वाले अन्य खिलाड़ी भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (21वें पायदान से 45वें स्थान), तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (चार पायदान से 41वें स्थान) और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल (26 पायदान के फायदे से 78वें स्थान) हैं।

भारत की 372 रन की जीत में प्रत्येक पारी में चार चार विकेट हासिल करने के बाद अश्विन ने शीर्ष रैंकिंग के गेंदबाज पैट कमिंस के बीच अंतर कम कर दिया। अश्विन को 43 रेटिंग अंक का फायदा हुआ जिससे उनके 883 अंक हो गए हैं। इससे वह तीसरे स्थान पर काबिज जोश हेजलवुड से 67 अंक आगे हैं। वह ऑलराउंडर सूची में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि साथी रविंद्र जडेजा सूची में चौथे स्थान पर खिसक गए जिसमें वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर शीर्ष पर काबिज हैं। होल्डर एक पायदान के फायदे से बुधवार को अपडेट की गई गेंदबाजों की सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस सूची में गॉल टेस्ट के प्रदर्शन को भी रखा गया है जिसमें श्रीलंका ने 164 रन की जीत से श्रृंखला में 2–0 से जीत हासिल की थी और वह आईसीसी विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर बरकरार हैं।

# साउथ अफ्रीका दौरे से पहले टीम इंडिया को लगा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को साउथ अफ्रीका दौरे से पहले बड़े झटके लगे हैं। टीम के स्टार आल राउंडर रवींद्र जडेजा चोट की वजह से सीरीज से बाहर हो गए हैं तो वहीं तीन अन्य खिलाड़ियो चोटिल होने की वजह से दौरे पर जाने को लेकर संशय बना हुआ है। 26 दिसंबर से भारत के साउथ अफ्रीका दौरे की शुरुआत होने जा रही है।

भारतीय टीम के चार खिलाड़ी जडेजा, अक्षर पटेल, शुभमन गिल और इशांत चोटिल हैं। साउथ अफ्रीका के अहम दौरे से पहले इन खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम इंडिया के लिए चिंता की बात है। भारत को साउथ अफ्रीका में तीन टेस्ट और इतने ही वनडे



मैचों की सीरीज में खेलना है। ओमिक्रोम वायरस की वजह से पैदा हुई चिंताजनक स्थिति की वजह से टी20 सीरीज को बीसीसीआइ ने फिलहाल स्थगित करने का फैसला लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम के चार खिलाड़ी फिट नहीं हैं। जिन चार खिलाड़ियों के नाम सामने आए हैं उसमें से रवींद्र जडेजा और इशांत न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे। चोट को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक जडेजा लिगामेंट टियर से जूझ रहे हैं। जबकि इशांत की उंगली डिसलोकेट हो गई है।

**शुभमन गिल भी चोटिलः** टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग की जिम्मेदारी निभाने वाले शुभमन गिल का भी साउथ अफ्रीका दौरे पर जाना मुश्किल ही लग रहा है। जानकारी के मुताबिक भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई सीरीज के दौरान चोटिल हुए गिल के पैर की चोट दोबारा से उभर आई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए सीरीज के आखिरी टेस्ट में भी उनके बाएं हाथ पर चोट लगी थी।

## इंग्लैंड ने जेम्स एंडरसन को रखा बाहर, वॉर्नर बोले- फैसला पड़ेगा महंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि बुधवार से शुरू हो रहे द गाबा में एशेज टेस्ट के शुरुआती दौर में इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन का बाहर होना टीम को महंगा पड़ सकता है। उनका मानना है कि इस अनुभवी तेज गेंदबाज की लाइन, लेंथ और नियंत्रण हमेशा अच्छी रही है।' एंडरसन को 12 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि इंग्लैंड टीम प्रबंधन को लगा कि पांच एशेज टेस्ट खेलना उनके लिए समस्या बन सकती है। ऐसी अटकलें थीं कि एंडरसन को चोट लगी थी लेकिन इंग्लैंड के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को पुष्टि की कि ऐसा नहीं था। वॉर्नर ने महसूस किया कि ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए एंडरसन का बाहर होना ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा बोनस हो सकता है। वॉर्नर ने टेस्ट शुरू होने से पहले एसईएन 1170 ब्रेकफास्ट पर कहा, 'जिमी का बाहर होना हमारे लिए बड़ी बात है।' वॉर्नर ने हालांकि महसूस किया कि एंडरसन की जगह क्रिस वोक्स भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए एक संभावित खतरा होगा।

## न्यूज डायरी



### कोई तेज गेंदबाज इसे मिस नहीं करना चाहेगाः जोफ्रा आर्चर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिस्बेन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चोट के कारण लंबे समय से टीम से बाहर हैं और यही कारण है कि वे 2021–22 एशेज सीरीज का भी हिस्सा नहीं हैं और इस बात का उनको काफी दुख है। एशेज सीरीज का हिस्सा नहीं बना पाने को लेकर उन्होंने हुए कहा कि आस्ट्रेलिया का दौरा कुछ ऐसा है, जिसे एक तेज गेंदबाज कभी मिस नहीं करना चाहेगा, क्योंकि यहां तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। बता दें कि जोफ्रा आर्चर चोट के कारण इस साल अगस्त से क्रिकेट से दूर हैं। आर्चर ने चैनल सेवन के साथ बातचीत में कहा, गेंद को सीम करते और थोड़ा उछाल लेते देखना कठिन था, क्योंकि यह वास्तव में एक तेज गेंदबाज का दौरा है, जिसे आप मिस नहीं करना चाहते हैं। आर्चर को यकीन नहीं था कि इंग्लैंड ने स्टुअर्ट ब्राड और जेम्स एंडरसन को एशेज के पहले टेस्ट से बाहर रखा है, लेकिन कप्तान जो रूट के निर्णय लेने पर उन्होंने विश्वास दिखाया है।

### पैट कमिंस ने एशेज के पहले ही दिन लगाई रिकॉर्डो की झड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्ट्रेलिया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने एशेज सीरीज की शुरुआत के पहले ही दिन यानी ब्रिस्बेन टेस्ट के पहले दिन 5 विकेट लेकर इंग्लैंड को 147 रनों पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही इस तेज गेंदबाज ने रिकॉर्डों की झड़ी भी लगा दी। अनिल कुंबले की खास लिस्ट में शामिल हुए तो कप्तान के तौर पर पहले ही मैच में 5 विकेट झटकने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज भी बने। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के तौर पर डेब्यू टेस्ट में 5 विकेट झटकने वाले पैट कमिंस दूसरे गेंदबाज, जबकि पहले तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले जॉर्ज गिफेन ने 1894 में इंग्लैंड के ही खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में 155 रन देकर 6 विकेट झटके थे। जॉर्ज स्पिनर थे। पैट कमिंस से पहले कप्तान के तौर पर डेब्यू मैच में 5 विकेट झटकने का रिकॉर्ड वकार यूनिस के नाम था। उन्होंने 1993 में जिम्बाब्वे के खिलाफ कराची टेस्ट में 91 रन देकर 5 विकेट झटके थे। ओवरऑल (स्पिन और पेसर) की बात करें तो ऐसा करने वाले राशिद खान आखिरी कप्तान थे।

### पाकिस्तान ने एक दिन में झटके 13 विकेट, बांग्लादेश को पारी और 8 रन से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। पाकिस्तान ने बांग्लादेश को फॉलोऑन पर मजबूर करने के बाद उसकी दूसरी पारी 84.4 ओवरों में 205 रनों पर समेट दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान ने दूसरा टेस्ट पारी और 8 रनों से जीतते हुए सीरीज एकतरफा 2–0 से अपने नाम किया। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट 8 विकेट से जीता था। ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच की पहली पारी में पाकिस्तान ने 4 विकेट पर 300 रनों का स्कोर खड़ा किया था, जबकि बांग्लादेश की पहली पारी महज 87 रनों पर सिमट गई थी। पाकिस्तान टीम ने बांग्लादेश के 13 विकेट एक ही दिन में चटकाए। पाकिस्तान ने पहली पारी आज 3 विकेट समेटी थी, जबकि दूसरी पारी के सभी विकेट हासिल करते हुए शानदार जीत दर्ज की। इससे पहले टी–20 सीरीज 3–0 से अपने नाम किया था।

### सेरेना का खेलना तय नहीं, जोकोविच का दिखेगा जलवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट की प्रवेश सूची में सेरेना विलियम्स का नाम नहीं है जिससे माना जा रहा है कि सात बार की चौंपियन साल के इस पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट से बाहर रह सकती हैं। सेरेना ने विंबलडन के पहले दौर के मैच में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण हटने के बाद कोई मैच नहीं खेला है और वह विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर खिसक गई हैं। उन्होंने अपने 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब में से आखिरी खिताब 2017 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में ही जीता था। इस साल के शुरू में उन्हें नाओमी ओसाका ने सेमीफाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया था। नोवाक जोकोविच पुरुषों की प्रवेश सूची में नंबर एक खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध हैं।